Bareilly, Sunday,
25 July 2021
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2.50/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 10

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. : II MIDDLE

रिद्धिमा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

BAREILLY (24 July): एसआरएमएस रिद्धिमा में शनिवार को गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वन्दना के साथ हुई. इसके बाद गायन गुरु जनार्दन एवं शिवांगी मिश्रा की मधुर आवाज में वन्दना कर गुरुओं को नमन किया गया. कार्यक्रम में नृत्य, संगीत एवं कला के अनूठे संगम ने सभागार को संगीतमयी बना दिया. भरतीय नृत्य कला कथक को गुरु अमृत मिश्रा, श्रेयसी मुंशी एवं शिष्याओं द्वारा पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया गया. संगीत गुरु उमेश मिश्रा, आनंद मिश्रा ने सारंगी वादन कर लोगों को भावविभोर किया. गजल गायक उस्ताद नासिर हुसैन के पोते उस्ताद दानिश हुसैन एवं शिवांगी मिश्रा ने गीतकार नक्श लायलपुरी की नैना तोसे लागे, सारी रैना जागे पेश कर लोगों की खूब तालियां बटोरीं. सभागार में श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति जी, आशा मूर्ति जी एवं शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे.